भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-78**

उत्तर देने की तारीख-03/02/2025

**झारखंड में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय**

**†78. श्री दुलू महतो:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) झारखंड में जिलावार कितने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) स्थापित हैं;

(ख) इन विद्यालयों में कितनी बालिकाएं नामांकित हैं;

(ग) सरकार द्वारा झारखंड के इन विद्यालयों में जिलावार, विशेषकर धनबाद में, स्मार्ट कक्षाएं और आईसीटी प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) धनबाद के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली श्रेणियों की बालिकाओं की शिक्षा की प्रगति में आईसीटी की क्या भूमिका है;

(ड.) स्मार्ट कक्षाओं और आईसीटी प्रयोगशालाओं के कार्यान्वयन के कारण झारखंड में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में डिजिटल साक्षरता और शैक्षिक कार्यकलापों में देखें गए परिवर्तन का जिलावार ब्यौरा क्या है; और

(च) झारखंड में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में आईसीटी प्रयोगशालाओं और स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना के लिए दी गई वित्तीय सहायता का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) और (ख): झारखंड में 203 केजीबीवी हैं जिनमें 77,850 छात्राएं नामांकित हैं। जिले-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

(ग) से (ड.): समग्र शिक्षा योजना के सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) घटक के तहत, सभी कार्यात्मक केजीबीवी छात्रावासों में स्मार्ट कक्षाएं और आईसीटी प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वितीय सहायता प्रदान की जाती है। इसका उद्देश्य छात्रों को आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराना और कक्षा को तकनीक रूप से संचालित कक्षा में बदलना है। इससे छात्र संसाधनों की व्यापक श्रेणी का लाभ उठाते हुए मल्टीमीडिया सामग्री तथा इंटरैक्टिव गतिविधियों से अपना जुड़ाव बढ़ाते हैं। आईसीटी लैब ने एक नया शिक्षण क्षेत्र खोला है जहां

लड़कियां अब कंप्यूटर और इस सीखने से जुड़ी अन्य संबद्ध चीजें सीख रही हैं। यह छात्रों के लिए गहरी समझ, सहयोग और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देता है, जिससे उनका समग्र शैक्षिक अनुभव समृद्ध होता है। वर्तमान में, झारखंड में सभी 203 केजीबीवी में आईसीटी लैब और स्मार्ट कक्षाएं सक्रिय रूप में उपलब्ध हैं। धनबाद सहित जिलेवार ब्यौरा अनुलग्नक में संलग्न हैं।

इसके अलावा, झारखंड सरकार ने आदर्श विद्यालय योजना और उत्कृष्ट विद्यालय योजना के तहत चयनित केजीबीवी को अतिरिक्त 28 आईसीटी लैब और 190 स्मार्ट कक्षाएं भी उपलब्ध कराए हैं, जिनमें धनबाद जिले में स्थित एक आईसीटी लैब और 28 स्मार्ट क्लास रूम शामिल हैं।

(च): वित्त वर्ष 2024-25 में झारखंड में समग्र शिक्षा योजना के आईसीटी घटक के अंतर्गत 24 जिलों में 49 स्मार्ट कक्षाएं स्थापित करने के लिए 136.22 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। जिलेवार ब्यौरा अनुलग्नक में संलग्न हैं।

*****

अनुलग्नक

**झारखंड में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री दुलू महतो द्वारा पूछे गए दिनांक 03.02.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 78 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

| क्र. सं. | ज़िला | स्वीकृत केजीबीवी की संख्या | कार्यरत केजीबीवी की संख्या | नामांकन | आईसीटी प्रयोगशालाओं की संख्या | स्मार्ट कक्षाओं की संख्या | स्वीकृत स्मार्ट कक्षाओं की संख्या | कुल वित्तीय स्वीकृतियां (लाख रुपए में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोकारो | 8 | 8 | 2869 | 8 | 8 | 1 | 2.78 |
| 2 | चतरा | 10 | 10 | 3481 | 10 | 10 | 3 | 8.34 |
| 3 | देवघर | 8 | 8 | 3500 | 8 | 8 | 2 | 5.56 |
| 4 | धनबाद | 6 | 6 | 2348 | 6 | 6 | 1 | 2.78 |
| 5 | दुमका | 10 | 10 | 4137 | 10 | 10 | 1 | 2.78 |
| 6 | गढ़वा | 14 | 14 | 3887 | 14 | 14 | 7 | 19.46 |
| 7 | गिरिडीह | 12 | 12 | 4937 | 12 | 12 | 1 | 2.78 |
| 8 | गोड्डा | 8 | 8 | 2886 | 8 | 8 | 4 | 11.12 |
| 9 | गुमला | 10 | 10 | 3079 | 10 | 10 | 3 | 8.34 |
| 10 | हजारीबाग | 10 | 10 | 3004 | 10 | 10 | 2 | 5.56 |
| 11 | जामताड़ा | 4 | 4 | 1807 | 4 | 4 | 2 | 5.56 |
| 12 | खूंटी | 5 | 5 | 2248 | 5 | 5 | 1 | 2.78 |
| 13 | कोडरमा | 4 | 4 | 1314 | 4 | 4 | 2 | 5.56 |
| 14 | लातेहार | 6 | 6 | 2454 | 6 | 6 | 2 | 5.56 |
| 15 | लोहरदगा | 5 | 5 | 2211 | 5 | 5 | 1 | 2.78 |
| 16 | पाकुड़ | 6 | 6 | 2355 | 6 | 6 | 1 | 2.78 |
| 17 | पलामू | 12 | 12 | 4918 | 12 | 12 | 1 | 2.78 |
| 18 | पश्चिमी सिंहभूम | 15 | 15 | 6636 | 15 | 15 | 4 | 11.12 |
| 19 | पूर्वी सिंहभूम | 9 | 9 | 4664 | 9 | 9 | 1 | 2.78 |
| 20 | रामगढ़ | 4 | 4 | 1441 | 4 | 4 | 1 | 2.78 |
| 21 | रांची | 13 | 13 | 4462 | 13 | 13 | 1 | 2.78 |
| 22 | साहिबगंज | 9 | 9 | 3425 | 9 | 9 | 2 | 5.56 |
| 23 | सराईकेला-खरसावां | 8 | 8 | 3493 | 8 | 8 | 3 | 8.34 |
| 24 | सिमडेगा | 7 | 7 | 2294 | 7 | 7 | 2 | 5.56 |
| | **कुल योग** | **203** | **203** | **77850** | **203** | **203** | **49** | **136.22** |

*****